# हिन्दी

**HINDI**

**समय : 3 घंटे** **पूर्णांक : 80**

---

**निर्देश :**

1. इस प्रश्न-पत्र के चार खंड हैं - क, ख, ग और घ।
2. चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
3. यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमश: दीजिए।

## खंड - क

प्रश्न 1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 1 x 5 = 5

हमारे देश को आज़ादी दिलाने के लिये कई स्त्रियों ने कडा संघर्ष किया उनमें सरोजनी नायडू का अपना अलग ही स्थान है। उनकी आवाज बेहद मधुर थी, इसी वजह से वह पूरे विश्व में भारत कोकिला के नाम से विख्यात थीं। बचपन में वह बेहद मेधावी छात्रा थी। 1905 में गोल्डेन थ्रेशोल्ड शीर्षक से उनकी कविताओं का पहला संग्रह प्रकाशित हुआ था। इसके बाद उनके दूसरे और तीसरे कविता संग्रह 'बर्ड आफ टाइम' तथा 'ब्रोकन विंग्स' ने उन्हें सुप्रसिद्ध कवियत्री बना दिया। 1914 में इंग्लैंड में वे पहली बार गाँधी जी से मिली और उनके विचारों से प्रभावित होकर देश के लिए समर्पित हो गई। एक कुशल सेनापति की भाँति उन्होंने अपनी प्रतिभा का परिचय आंदोलन, समाज सुधार और कांग्रेस पार्टी के संगठन में दिया। उन्होंने अनेक राष्ट्रीय आंदोलन का नेतृत्व किया और कई बार जेल भी गई। उन्हें पहली महिला राजपाल होने का गौरव भी प्राप्त हुआ। उन्होंने अपना सारा जीवन देश को समर्पित कर दिया था।

(क) अपनी मधुर आवाज़ के कारण सरोजनी नायडू कौन से नाम से विख्यात थीं?

(ख) सरोजनी नायडू ने अपनी प्रतिभा का परिचय कब दिया?

(ग) सरोजनी नायडू के कौन से कविता संग्रह ने उन्हें सुप्रसिद्ध कवियत्री बना दिया?

(घ) सरोजनी नायडू को कौन सा गौरव प्राप्त हुआ?

(ङ) उपर्युक्त गद्यांश को उचित शीर्षक दें।

प्रश्न 2. निम्नलिखित अपठित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 1 x 5 = 5

जिस जिससे पथ पर स्नेह मिला
उस उस राही को धन्यवाद।

जीवन अस्थिर अनजाने ही
हो जाता पथ पर मेल कहीं
सीमित पग-डग, लम्बी मंज़िल
तय कर लेना कुछ खेल नहीं

दाएँ-बाएँ सुख-दुख चलते
सम्मुख चलता पथ का प्रमाद
जिस जिससे पथ पर स्नेह मिला
उस उस राही को धन्यवाद।
कवि - शिव मंगल सिंह 'सुमन'

क) कवि के अनुसार जीवन कैसा है?

ख) जीवन रूपी यात्रा में किस प्रकार के अनुभव आते हैं?

ग) जीवन डगर पर कौन लोग चलना पसंद करते हैं?

घ) कवि किन लोगों का आभार प्रकट कर रहा है?

ङ) पद्यांश को उचित शीर्षक दें।

प्रश्न 3. i) निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए : 1 x 2 =2

क) अहंकार

ख) नाव

ii) रेखांकित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए : 1 x 2 = 2

क) मुझे प्राचीन काल की बातें जानने में रुचि है।

ख) प्रातःकाल में सैर करने से हम निरोगी रहते हैं।

iii) निम्नलिखित वाक्य में प्रयुक्त विशेषण शब्द पहचानिए : 1 x 2 =2

क) गिलास में थोड़ा दूध और डाल दो।

ख) टोकरी में ताज़ी सब्जियाँ रखी है।

ग) इस बोतल में एक लीटर पानी आएगा

घ) असंख्य नर-नारी सभा में आए हैं।

iv) सही भाववाचक संज्ञा शब्द से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :
1 x 2 =2

क) सच्ची मित्रता ________ से मिलती है। (कठिन)

ख) अजनबियों से ________ अच्छा नहीं। (अपना)

v) निम्नलिखित रिक्त स्थानों में उचित विभक्ति (कारक) लगाकर वाक्य पूरे कीजिए : 1 x 2 =2

क) दीदी ______ लिए गुब्बारा लाई।

ख) जय ______ राज को भोजन कराया।

ग) झरने पहाड़ ______ गिरते हैं।

घ) महिमा छत ______ खेलती है।

vi) निम्नलिखित शब्दों में से उपसर्ग पहचानिए : 1 x 2 =2

क) अनमोल

ख) भरपेट

vii) निम्नलिखित शब्दों में से प्रत्यय पहचानिए : 1 x 2 =2

क) खेती

ख) सुरीला

viii) संधि विच्छेद कीजिए : 1 x 2 =2

क) नमस्ते

ख) अभिषेक

ix) निम्नलिखित शब्दों का समास विग्रह कीजिए : 1 x 2 =2

क) शोकमग्न

ख) पति पत्नी

x) किन्हीं दो मुहावरों का वाक्य में प्रयोग कीजिए : 1 x 2 =2

क) विस्मित होना

ख) ईंट का जबाब पत्थर से देना

ग) उन्नीस बीस का अंतर होना

घ) टूट पड़ना

**खंड - ग**

प्रश्न 4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 4 x 2 = 8

1. पत्र जैसा संतोष फ़ोन या एसएमएस का संदेश क्यों नहीं दे सकता?
2. घर के सामान्य काम हों या अपना निजी काम, प्रत्येक व्यक्ति को अपनी क्षमता के अनुरूप उन्हें करना आवश्यक क्यों है?

प्रश्न 5. किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर संक्षिप्त रूप में लिखो : 3 x 2 = 6

1. कबीर घास की निंदा करने से मना करते हैं। कबीर के दोहे में 'घास' का विशेष अर्थ क्या है और कबीर के उक्त दोहे में संदेश क्या है?
2. कहानी में मोटे-मोटे किस काम के हैं? किन के बारे में और क्यों कहा गया?
3. बाज जिंदगी भर आकाश में ही उडता रहा फिर घायल होने के बाद भी वह उड़ना क्यों चाहता था?

1. पक्षियों और बादल की चिट्ठियों के आदान-प्रदान को आप किस दृष्टि से देख सकते हैं?
2. बालक श्रीकृष्ण किस लोभ के कारण दूध पीने के लिए तैयार हुए?
3. अपने गाँव लौटकर जब सुदामा अपनी झोपड़ी नहीं खोज पाए तब उनके मन में क्या-क्या विचार आए? कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए।
4. चिड़िया चोंच में तिनका दबाकर उड़ने की तैयारी में क्यों है? वह तिनकों का क्या करती होगी? लिखिए।
5. निर्धनता के बाद मिलनेवाली संपन्नता का चित्रण कविता की अंतिम पंक्तियों में वर्णित है। उसे अपने शब्दों में लिखिए।

प्रश्न 7. किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए : 1 x 5 = 5

क) लाख की वस्तुओं का निर्माण भारत के किस राज्य में सबसे अधिक होता है?

ख) भारत की पहली 'सवाक्' फ़िल्म कौन-सी थी?

ग) मित्र सुदामा से मिलकर श्रीकृष्ण की दशा का वर्णन कीजिए।

घ) झाऊलाल का परिवार कितना बड़ा था?

ङ) चिड़िया चोंच में तिनका दबाए उड़ने की तैयारी में क्यों है?

च) मनुष्य का मन कैसा होना चाहिए?

छ) कविता का शीर्षक 'ध्वनि' इस शब्द से आप क्या समझते हैं?

प्रश्न 8. दिए गए पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनकर लिखिए : 1 x 5 = 5

जब चार दिन ज्यों-त्यों में यों ही बीत गए और रुपयों का कोई प्रबंध न हो सका तब उन्हें चिंता होने लगी। प्रश्न अपनी प्रतिष्ठा का था, अपने ही घर में अपनी साख का था। देने का पक्का वादा करके अब अगर न दे सके तो अपने मन में वह क्या सोचेगी? उसकी नजरों में उनका क्या मूल्य रह जाएगा? अपनी वाहवाही की सैकड़ों गाथाएँ उसे सुना चुके थे। अब जो एक काम पड़ा तो चारों खाने चित हो रहे? यह पहली ही बार

उसने मुँह खोलकर कुछ रुपयों का सवाल किया था। इस समय अगर वे दुम दबाकर निकल भागते हैं तो फिर उसे क्या मुँह दिखाएँगे?

1. झाऊलाल को किस बात की चिंता थी?
   क) पत्नी से हरदम झगड़ा करना
   ख) पैसों का इंतजाम न हो पाना
   ग) पत्नी के समक्ष सिर झुकाना
   घ) पत्नी का भाई से रुपए माँगना

2. उन्होंने मन ही मन क्या सोचा?
   क) पैसों का इंतजाम न होने पर वे पत्नी के गहने ले लेंगे
   ख) पैसों का इंतजाम न होने पर वे पत्नी की नज़रों में गिर जाएँगे
   ग) भाग जाएँगे
   घ) इनमें से कोई नहीं

3. लालाजी को किस बात का डर लग रहा था?
   क) पैसों का इंतजाम न होने पर वे पत्नी के गहने कैसे माँगे
   ख) पत्नी भाई से पैसे माँग लेगी
   ग) रुपए न दे पाने पर पत्नी का सामना कैसे करेंगे?
   घ) इनमें से कोई नहीं

4. लाला के सामने कैसा प्रश्न था?
   क) उनकी प्रतिष्ठा व घर में साख का
   ख) पैसों का इंतजाम न होने पर वे पत्नी के गहने कैसे माँगे
   ग) पत्नी भाई से पैसे माँग लेगी
   घ) जान बचाने का

5. 'प्रतिष्ठा' शब्द का अर्थ बताइए।
   क) आस्था

ग) प्रशासन

घ) प्रतिमा

प्रश्न 9. दिए गए पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर छाँटकर लिखिए : 1 x 5 = 5

अभी न होगा मेरा अंत
अभी-अभी ही तो आया है
मेरे वन में मृदुल वसंत -
अभी न होगा मेरा अंत।
हरे-हरे ये पात,
डालियाँ, कलियाँ, कोमल गात।
मैं ही अपना स्वप्न-मृदुल-कर
फेरूँगा निद्रित कलियों पर
जगा एक प्रत्यूष मनोहर।

1. कविता का नाम क्या है?

   क) बस की यात्रा ख) लाख की चूड़ियाँ

   ग) दीवानों की हस्ती घ) ध्वनि

2. कवि अपने जीवन का अंत क्यों नहीं चाहता?

   क) कवि बहुत लंबी उम्र तक जीना चाहता है

   ख) वह अपने जीवन के उद्देश्यों को पूरा कर यश कमाना चाहता है

   ग) वह अपने जीवन को फूलों सा महकाना चाहता है

   घ) वह प्रकृति का अंश बनना चाहता है

3. 'वन में मृदुल वसंत' पंक्ति से क्या आशय है?

   क) वन रूपी जीवन में वसंत का आगमन होना

   ख) नए कार्यों को करने के लिए

   ग) यश प्राप्ति के लिए

   घ) इनमें से कोई नहीं

4. कवि अलसाई कलियों पर अपने कोमल कर का स्पर्श क्यों करना चाहता है?
   क) कवि प्रकृति के अवसाद व आलस्य को समाप्त करना चाहता है
   ख) कवि प्रेम का अहसास करना चाहता है
   ग) क्योंकि कवि फूलों के सौंदर्य से परिचित होना चाहता है
   घ) क्योंकि कवि फूलों को सौंदर्य से परिचित करना चाहता है

5. कवि प्रकृति के माध्यम से क्या कहना चाहते है?
   क) प्रकृति खिली रहे
   ख) उसके जीवन का आलस्य, निराशा व प्रमाद सब दूर हो जाए और वह नवीन कार्यों की ओर अग्रसर हो सके
   ग) वह आगे बढ़ता रहे
   घ) अनवीनता की खोज

**खंड - घ**

प्रश्न 10. ग्लोबल वॉर्मिंग (भूमंडलीय ऊष्मीकरण) इस विषय पर अनुच्छेद लिखिए : 5

प्रश्न 11. अपने क्षेत्र के पोस्टमास्टर को ठीक से डाक वितरण न होने की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए पत्र लिखिए। 5

प्रश्न 12. दो सहेलियों के मध्य वार्तालाप पर संवाद लेखन लिखिए : 5

HINDI

**समय : 3 घंटे** **पूर्णांक : 80**

**निर्देश :**

1. इस प्रश्न-पत्र के चार खंड हैं - क, ख, ग और घ।
2. चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
3. यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमश: दीजिए।

## खंड - क

प्रश्न 1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 1 x 5 = 5

हमारे देश को आज़ादी दिलाने के लिये कई स्त्रियों ने कडा संघर्ष किया उनमें सरोजनी नायडू का अपना अलग ही स्थान है। उनकी आवाज बेहद मधुर थी, इसी वजह से वह पूरे विश्व में भारत कोकिला के नाम से विख्यात थीं। बचपन में वह बेहद मेधावी छात्रा थी। 1905 में गोल्डेन थ्रेशोल्ड शीर्षक से उनकी कविताओं का पहला संग्रह प्रकाशित हुआ था। इसके बाद उनके दूसरे और तीसरे कविता संग्रह 'बर्ड आफ टाइम' तथा 'ब्रोकन विंग्स' ने उन्हें सुप्रसिद्ध कवियत्री बना दिया। 1914 में इंग्लैंड में वे पहली बार गाँधी जी से मिली और उनके विचारों से प्रभावित होकर देश के लिए समर्पित हो गई। एक कुशल सेनापति की भाँति उन्होंने अपनी प्रतिभा का परिचय आंदोलन, समाज सुधार और कांग्रेस पार्टी के संगठन में दिया। उन्होंने अनेक राष्ट्रीय आंदोलन का नेतृत्व किया और कई बार जेल भी गई। उन्हें पहली महिला राजपाल होने का गौरव भी प्राप्त हुआ। उन्होंने अपना सारा जीवन देश को समर्पित कर दिया था।

(क) अपनी मधुर आवाज़ के कारण सरोजनी नायडू कौन से नाम से विख्यात थीं?

उत्तर : अपनी मधुर आवाज़ के कारण सरोजनी नायडू भारत कोकिला के नाम से विख्यात थीं।

(ख) सरोजनी नायडू ने अपनी प्रतिभा का परिचय कब दिया?

उत्तर : सरोजनी नायडू ने अपनी प्रतिभा का परिचय आंदोलन, समाजसुधार और कांग्रेस पार्टी के संगठन में दिया।

(ग) सरोजनी नायडू के कौन से कविता संग्रह ने उन्हें सुप्रसिद्ध कवियत्री बना दिया?

उत्तर : 1905 में गोल्डेन थ्रेशोल्ड शीर्षक से उनकी कविताओं का पहला संग्रह प्रकाशित हुआ था। इसके बाद उनके दूसरे और तीसरे कविता संग्रह 'बर्ड आफ टाइम' तथा 'ब्रोकन विंग्स' ने उन्हें सुप्रसिद्ध कवियत्री बना दिया।

(घ) सरोजनी नायडू को कौन सा गौरव प्राप्त हुआ?

उत्तर : सरोजनी नायडू को पहली महिला राजपाल होने का गौरव प्राप्त हुआ।

(ङ) उपर्युक्त गद्यांश को उचित शीर्षक दें।

उत्तर : उपर्युक्त गद्यांश के लिए उचित शीर्षक 'भारत कोकिला सरोजनी नायडू' है।

प्रश्न 2. निम्नलिखित अपठित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 1 x 5 = 5

जिस जिससे पथ पर स्नेह मिला
उस उस राही को धन्यवाद।

जीवन अस्थिर अनजाने ही
हो जाता पथ पर मेल कहीं
सीमित पग-डग, लम्बी मंज़िल
तय कर लेना कुछ खेल नहीं

दाएँ-बाएँ सुख-दुख चलते

जिस जिससे पथ पर स्नेह मिला
उस उस राही को धन्यवाद।
कवि - शिव मंगल सिंह 'सुमन'

क) कवि के अनुसार जीवन कैसा है?
उत्तर : कवि के अनुसार जीवन अस्थिर है।

ख) जीवन रूपी यात्रा में किस प्रकार के अनुभव आते हैं?
उत्तर : जीवन रूपी यात्रा में सुख, दुःख और प्रमाद के अनुभव आते हैं।

ग) जीवन डगर पर कौन लोग चलना पसंद करते हैं?
उत्तर : जिन्हें चलना पसंद है वे ही जीवन डगर पर चलना पसंद करते हैं।

घ) कवि किन लोगों का आभार प्रकट कर रहा है?
उत्तर : कवि जीवन डगर पर स्नेह देने वालों का आभार प्रकट कर रहा है।

ङ) पद्यांश को उचित शीर्षक दें।
उत्तर : पद्यांश के लिए उचित शीर्षक 'जीवन यात्रा' है।

प्रश्न 3. i) निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए : 1 x 2 =2

क) अहंकार - दंभ, गर्व

ख) नाव - नौका, तरणी

ii) रेखांकित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए : 1 x 2 = 2

क) मुझे प्राचीन काल की बातें जानने में रुचि है।

उत्तर : मुझे आधुनिक काल की बातें जानने में अरुचि है।

ख) प्रात:काल में सैर करने से हम निरोगी रहते हैं।

उत्तर : सायंकाल में सैर करने से हम रोगी रहते हैं।

iii) निम्नलिखित वाक्य में प्रयुक्त विशेषण शब्द पहचानिए : 1 x 2 =2

क) गिलास में थोडा दूध और डाल दो।

ख) टोकरी में ताज़ी सब्जियाँ रखी है।

ग) इस बोतल में एक लीटर पानी आएगा

घ) असंख्य नर-नारी सभा में आए हैं।

iv) सही भाववाचक संज्ञा शब्द से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

1 x 2 =2

क) सच्ची मित्रता कठिनता से मिलती है। (कठिन)

ख) अजनबियों से अपनापन अच्छा नहीं। (अपना)

v) निम्नलिखित रिक्त स्थानों में उचित विभक्ति (कारक) लगाकर वाक्य पूरे कीजिए : 1 x 2 =2

क) दीदी मेरे लिए गुब्बारा लाई।

ख) जय ने राज को भोजन कराया।

ग) झरने पहाड़ से गिरते हैं।

घ) महिमा छत पर खेलती है।

vi) निम्नलिखित शब्दों में से उपसर्ग पहचानिए : 1 x 2 =2

क) अनमोल - अन

ख) भरपेट - भर

vii) निम्नलिखित शब्दों में से प्रत्यय पहचानिए : 1 x 2 =2

क) खेती - ई

ख) सुरीला - ईला

viii) संधि विच्छेद कीजिए : 1 x 2 =2

क) नमस्ते - नमः + ते

ख) अभिषेक - अभि + सेक

ix) निम्नलिखित शब्दों का समास विग्रह कीजिए : 1 x 2 =2

क) शोकमग्न - शोक में मग्न

ख) पति पत्नी - पति और पत्नी

x) किन्हीं दो मुहावरों का वाक्य में प्रयोग कीजिए : 1 x 2 =2

क) विस्मित होना - अजहर को कक्षा में प्रथम स्थान पर देखकर सभी विस्मित हो गए।

ख) ईंट का जबाब पत्थर से देना - भारत अपने दुश्मनों को ईंट का जबाब पत्थर से देगा।

ग) उन्नीस बीस का अंतर होना - दोनों बहनों की पहचान कर पाना बहुत कठिन है, क्योंकि दोनों में उन्नीस-बीस का ही अंतर है।

घ) टूट पड़ना - प्रदर्शनी देखने के लिए भारी भीड़ टूट पड़ी।

प्रश्न 4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 4 x 2 = 8

1. पत्र जैसा संतोष फ़ोन या एसएमएस का संदेश क्यों नहीं दे सकता?

   उत्तर : पत्र जैसा संतोष फ़ोन या एसएमएस का संदेश नहीं दे सकता क्योंकि फ़ोन, एसएमएस द्वारा केवल कामकाजी बातों को संक्षिप्त रूप से व्यक्त कर सकते हैं। पत्रों द्वारा हम अपने मनोभावों को खुलकर व्यक्त कर सकते हैं। पत्रों से आत्मीयता झलकती है। इन्हें अनुसंधान का विषय भी बनाया जा सकता है। ये कई किताबों का आधार हैं। पत्र राजनीति, साहित्य तथा कला क्षेत्र में प्रगतिशील आंदोलन के कारण बन सकते हैं। यह क्षमता फ़ोन या एसएमएस द्वारा दिए गए संदेश में नहीं।

2. घर के सामान्य काम हों या अपना निजी काम, प्रत्येक व्यक्ति को अपनी क्षमता के अनुरूप उन्हें करना आवश्यक क्यों है?

   उत्तर : अपनी क्षमता के अनुसार काम करना इसलिए जरूरी है क्योंकि क्षमता के अनुरूप किया गया कार्य सही और सुचारु रूप से होता है। यदि हम अपने घर का काम या अपना निजी काम, नहीं करेंगे तो हम कामचोर बन जाएँगे। हमें अपने कामों के लिए आत्मनिर्भर रहना चाहिए।

प्रश्न 5. किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर संक्षिप्त रूप में लिखो : 3 x 2 = 6

1. कबीर घास की निंदा करने से मना करते हैं। कबीर के दोहे में 'घास' का विशेष अर्थ क्या है और कबीर के उक्त दोहे में संदेश क्या है?

   उत्तर : घास का अर्थ है पैरों में रहने वाली तुच्छ वस्तु। कबीर अपने दोहे में उस घास तक की निंदा करने से मना करते हैं जो हमारे पैरों के तले होती है। कबीर के दोहे में 'घास' का विशेष अर्थ है। यहाँ घास दबे-कुचले व्यक्तियों की प्रतीक है। कबीर के दोहे का संदेश यही है कि व्यक्ति या प्राणी चाहे

नहीं करनी चाहिए। हमें सबका सम्मान करना चाहिए।

2. कहानी में मोटे-मोटे किस काम के हैं? किन के बारे में और क्यों कहा गया?

   उत्तर : कहानी में 'मोटे-मोटे किस काम के हैं' बच्चों के बारे में कहा गया है क्योंकि वे घर के कामकाज में जरा सी भी मदद नहीं करते थे तथा दिन भर उधम मचाते रहते थे। इस तरह से ये कामचोर हो गए थे।

3. बाज जिंदगी भर आकाश में ही उडता रहा फिर घायल होने के बाद भी वह उड़ना क्यों चाहता था?

   उत्तर : बाज ज़िंदगी भर आकाश में उड़ता रहा, उसने आकाश की असीम ऊँचाइयों को अपने पंखों से नापा। बाज साहसी था। वह किसी भी कीमत पर समझौतावादी जीवन शैली पसंद नहीं करता था। अतः कायर की मौत नहीं मरना चाहता था। वह अंतिम क्षण तक जीवन की आवश्यकताओं के लिए संघर्ष करना चाहता था।

प्रश्न 6. किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 3 x 2 = 6

1. पक्षियों और बादल की चिट्ठियों के आदान-प्रदान को आप किस दृष्टि से देख सकते हैं?

   उत्तर : पक्षी और बादल की चिट्ठियों के आदान-प्रदान को हम प्रेम, सौहार्द और आपसी सद्भाव की दृष्टि से देख सकते हैं। यह हमें यहीं संदेश देते हैं।

2. बालक श्रीकृष्ण किस लोभ के कारण दूध पीने के लिए तैयार हुए?

   उत्तर : माता यशोदा ने श्रीकृष्ण को बताया की दूध पीने से उनकी चोटी बलराम भैया की तरह हो जाएगी। श्रीकृष्ण अपनी चोटी

थे इस लोभ के कारण वे दूध पीने के लिए तैयार हुए।

3. अपने गाँव लौटकर जब सुदामा अपनी झोपड़ी नहीं खोज पाए तब उनके मन में क्या-क्या विचार आए? कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

   उत्तर : द्वारका से लौटकर सुदामा जब अपने गाँव वापस आएँ तो अपनी झोपड़ी के स्थान पर बड़े-बड़े भव्य महलों को देखकर सबसे पहले तो उनका मन भ्रमित हो गया कि कहीं मैं घूम फिर कर वापस द्वारका ही तो नहीं चला आया। फिर भी उन्होंने पूरा गाँव छानते हुए सबसे पूछा लेकिन उन्हें अपनी झोंपड़ी नहीं मिली।

4. चिड़िया चोंच में तिनका दबाकर उड़ने की तैयारी में क्यों है? वह तिनकों का क्या करती होगी? लिखिए।

   उत्तर : चिड़िया अपनी चोंच में तिनका दबाकर उड़ने की तैयारी में है क्योंकि सूरज डूबने का समय हो चुका है उसके डूबने से पहले चिड़िया अपने लिए घोंसला बनाना चाहती है। वह तिनके से अपने लिए घोंसला तैयार कर उसमें अपने बच्चों के साथ रहेगी। घोंसला उसके परिवार को सुरक्षा प्रदान करता है।

5. निर्धनता के बाद मिलनेवाली संपन्नता का चित्रण कविता की अंतिम पंक्तियों में वर्णित है। उसे अपने शब्दों में लिखिए।

   उत्तर : श्रीकृष्ण की कृपा से निर्धन सुदामा की दरिद्रता दूर हो गई। जहाँ सुदामा की टूटी-फूटी सी झोपड़ी रहा करती थी, वहाँ अब सोने का महल खड़ा है। कहाँ पहले पैरों में पहनने के लिए चप्पल तक नहीं थी, वहाँ अब घूमने के लिए हाथी घोड़े हैं, पहले सोने के लिए केवल यह कठोर भूमि थी और अब शानदार नरम-मुलायम बिस्तरों का इंतजाम है, कहाँ पहले

कृपा से खाने को मनचाही चीज उपलब्ध है। परंतु वे अच्छे नहीं लगते।

प्रश्न 7. किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए : 1 x 5 = 5

क) लाख की वस्तुओं का निर्माण भारत के किस राज्य में सबसे अधिक होता है?

उत्तर : लाख की वस्तुओं का निर्माण सर्वाधिक उत्तरप्रदेश में होता है।

ख) भारत की पहली 'सवाक्' फ़िल्म कौन-सी थी?

उत्तर : भारत की पहली 'सवाक्' फ़िल्म 'आलम आरा' थी।

ग) मित्र सुदामा से मिलकर श्रीकृष्ण की दशा का वर्णन कीजिए।

उत्तर : मित्र सुदामा की दीन दशा देखकर सब पर करुणा करने वाले श्रीकृष्ण स्वयं ही रो पड़े। उन्होंने सुदामा के पाँव आँखों के आँसुओं से ही धो डाले।

घ) झाऊलाल का परिवार कितना बड़ा था?

उत्तर : लाला झाऊलाल का परिवार छोटा था। बच्चे तो उनके थे नहीं, वे और उनकी पत्नी ही रहते थे।

ङ) चिड़िया चोंच में तिनका दबाए उड़ने की तैयारी में क्यों है?

उत्तर : चिड़िया अपने बच्चों की सुरक्षा हेतु घोंसला बनाना चाहती है इसलिए चोंच में तिनका दबाए उड़ने की तैयारी में है।

च) मनुष्य का मन कैसा होना चाहिए?

उत्तर : मनुष्य का मन शांत और निर्मल होना चाहिए क्योंकि जिस मनुष्य का मन शांत और निर्मल होता है उसका कोई दुश्मन नहीं होता, सभी उससे स्नेह करते हैं।

छ) कविता का शीर्षक 'ध्वनि' इस शब्द से आप क्या समझते हैं?

उत्तर : ध्वनि शब्द का अभिप्राय है 'आवाज़' इस कविता में ध्वनि शब्द अंतर्मन की पुकार हेतु प्रयोग किया गया है।

प्रश्न 8. दिए गए पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनकर लिखिए : 1 x 5 = 5

जब चार दिन ज्यों-त्यों में यों ही बीत गए और रुपयों का कोई प्रबंध न हो सका तब उन्हें चिंता होने लगी। प्रश्न अपनी प्रतिष्ठा का था, अपने ही घर में अपनी साख का था। देने का पक्का वादा करके अब अगर न दे सके तो अपने मन में वह क्या सोचेगी? उसकी नजरों में उनका क्या मूल्य रह जाएगा? अपनी वाहवाही की सैकड़ों गाथाएँ उसे सुना चुके थे। अब जो एक काम पड़ा तो चारों खाने चित हो रहे? यह पहली ही बार उसने मुँह खोलकर कुछ रुपयों का सवाल किया था। इस समय अगर वे दुम दबाकर निकल भागते हैं तो फिर उसे क्या मुँह दिखाएँगे?

1. झाऊलाल को किस बात की चिंता थी?
   - क) पत्नी से हरदम झगड़ा करना
   - ख) <u>पैसों का इंतजाम न हो पाना</u>
   - ग) पत्नी के समक्ष सिर झुकाना
   - घ) पत्नी का भाई से रुपए माँगना

2. उन्होंने मन ही मन क्या सोचा?
   - क) पैसों का इंतजाम न होने पर वे पत्नी के गहने ले लेंगे
   - ख) <u>पैसों का इंतजाम न होने पर वे पत्नी की नज़रों में गिर जाएँगे</u>
   - ग) भाग जाएँगे
   - घ) इनमें से कोई नहीं

3. लालाजी को किस बात का डर लग रहा था?
   - क) पैसों का इंतजाम न होने पर वे पत्नी के गहने कैसे माँगे
   - ख) पत्नी भाई से पैसे माँग लेगी

घ) इनमें से कोई नहीं

4. लाला के सामने कैसा प्रश्न था?

क) उनकी प्रतिष्ठा व घर में साख का

ख) पैसों का इंतजाम न होने पर वे पत्नी के गहने कैसे माँगे

ग) पत्नी भाई से पैसे माँग लेगी

घ) जान बचाने का

5. 'प्रतिष्ठा' शब्द का अर्थ बताइए।

क) आस्था

ख) रुतबा

ग) प्रशासन

घ) प्रतिमा

प्रश्न 9. दिए गए पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर छाँटकर लिखिए : 1 x 5 = 5

अभी न होगा मेरा अंत
अभी-अभी ही तो आया है
मेरे वन में मृदुल वसंत -
अभी न होगा मेरा अंत।
हरे-हरे ये पात,
डालियाँ, कलियाँ, कोमल गात।
मैं ही अपना स्वप्न-मृदुल-कर
फेरूँगा निद्रित कलियों पर
जगा एक प्रत्यूष मनोहर।

1. कविता का नाम क्या है?

क) बस की यात्रा ख) लाख की चूड़ियाँ

2. कवि अपने जीवन का अंत क्यों नहीं चाहता?
   क) कवि बहुत लंबी उम्र तक जीना चाहता है
   ख) वह अपने जीवन के उद्देश्यों को पूरा कर यश कमाना चाहता है
   ग) वह अपने जीवन को फूलों सा महकाना चाहता है
   घ) वह प्रकृति का अंश बनना चाहता है

3. 'वन में मृदुल वसंत' पंक्ति से क्या आशय है?
   क) वन रूपी जीवन में वसंत का आगमन होना
   ख) नए कार्यों को करने के लिए
   ग) यश प्राप्ति के लिए
   घ) इनमें से कोई नहीं

4. कवि अलसाई कलियों पर अपने कोमल कर का स्पर्श क्यों करना चाहता है?
   क) कवि प्रकृति के अवसाद व आलस्य को समाप्त करना चाहता है
   ख) कवि प्रेम का अहसास करना चाहता है
   ग) क्योंकि कवि फूलों के सौंदर्य से परिचित होना चाहता है
   घ) क्योंकि कवि फूलों को सौंदर्य से परिचित करना चाहता है

5. कवि प्रकृति के माध्यम से क्या कहना चाहते है?
   क) प्रकृति खिली रहे
   ख) उसके जीवन का आलस्य, निराशा व प्रमाद सब दूर हो जाए और वह नवीन कार्यों की ओर अग्रसर हो सके
   ग) वह आगे बढ़ता रहे
   घ) अनवीनता की खोज

## खंड - घ

प्रश्न 10 ग्लोबल वॉर्मिंग (भूमंडलीय ऊष्मीकरण) इस विषय पर अनुच्छेद लिखिए : 5

ग्लोबल वॉर्मिंग (भूमंडलीय ऊष्मीकरण) का अर्थ धरती के वातावरण के तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। ग्लोबल वॉर्मिंग पृथ्वी की निकटस्थ-सतह वायु और महासागर के औसत तापमान में 20वीं शताब्दी से हो रही वृद्धि और उसकी अनुमानित निरंतरता है। वैश्विक तापमान यानी ग्लोबल वार्मिंग आज विश्व की सबसे बड़ी समस्या बन चुकी है। इससे न केवल मनुष्य, बल्कि धरती पर रहने वाला प्रत्येक प्राणी त्रस्त और परेशान है। वायु मंडल में प्राकृतिक क्रियाओं के फलस्वरुप गैसों का संतुलन बना रहता है; किंतु आज मनुष्य ने अपने कार्य-कलापों से वायुमंडल को असंतुलित बना दिया है। मानव निर्मित इन गतिविधियों से कार्बन डायआक्साइड, मिथेन, नाइट्रोजन आक्साइड इत्यादि ग्रीनहाउस गैसों की मात्रा में बढ़ोतरी हो रही है जिससे इन गैसों का आवरण सघन होता जा रहा है। यही आवरण सूर्य की परावर्तित किरणों को रोक रहा है जिससे धरती के तापमान में वृद्धि हो रही है।

भूमंडलीय तापमान बढ़ने से हिम, नदियों और पहाड़ों की बर्फ़ तेजी से पिघल रही है। इससे महासागर का जल स्तर बढ़ रहा है। ग्लैशियरों की बर्फ के पिघलने से समुद्रों में पानी की मात्रा बढ़ जाएगी जिससे साल-दर-साल उनकी सतह में भी बढ़ोतरी होती जाएगी। समुद्रों की सतह बढ़ने से प्राकृतिक तटों का कटाव शुरू हो जाएगा जिससे एक बड़ा हिस्सा डूब जाएगा। मौसम चक्र में भी बदलाव आ रहा है। गरमी में अधिक गरमी तथा सरदी में अधिक सरदी पड़ रही है। बिना मौसम के बरसात तथा तूफ़ान आ रहे है।

ग्लोमबल वार्मिंग रोकने के लिए हम सब को एकजुट होकर इस दिशा कदम बढ़ाने होगे। जंगलों की कटाई को रोकना होगा। हम सभी को अधिक से अधिक पेड़ लगाने होगे। पेट्रोल, डीजल और बिजली का उपयोग कम करके हानिकारक गैसों को कम कर सकते हैं। धुआँ निकालने वाली मशीनों का प्रयोग बंद करना होगा।

प्रश्न 11. अपने क्षेत्र के पोस्टमास्टर को ठीक से डाक वितरण न होने की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए पत्र लिखिए। 5

अमर कौशिक
मकान नं. 10
नकुलविहार
नई दिल्ली - 110 035
दिनांक : 18 जुलाई 20XX

मुख्य डाकपाल
मुख्य डाकघर
कश्मीरी गेट
नई दिल्ली - 110 006

विषय : डाक की उचित व्यवस्था के लिए आग्रह

माननीय महोदय

मैं आपका ध्यान अपने क्षेत्र, नकुल विहार, में डाक-वितरण की अवस्था ओर दिलाना चाहता हूँ। आपके क्षेत्र में डाक-वितरण की व्यवस्था नितांत शोचनीय है। कुछ दिनों से हमारी डाक समय पर नहीं मिल रही है। साधारण पत्र दो सप्ताह के बाद प्राप्त होते है। कई बार पता सही और स्पष्ट लिखा होने के बावजूद पत्र गलत जगह पड़े हुए मिले है। आशा है कि आप शीघ्र उपयुक्त बातों पर ध्यान देकर उचित कार्यवाही करें ताकि डाकिया फिर ऐसी लापरवाही न करे। सधन्यवाद।

भवदीय

अमर कौशिक

प्रश्न 12. दो सहेलियों के मध्य वार्तालाप पर संवाद लेखन लिखिए : 5

रिया : सुप्रभात ! नीना।

नीना : सुप्रभात ! रिया।

नीना : रिया विद्यालय में सर्वप्रथम आने के लिए तुम्हें अनेकों बधाईयाँ।

रिया : धन्यवाद रिया।

नीना : हमें भी अच्छे अंक लाने का उपाय बताओ।

रिया : नीना सर्वप्रथम आने के लिए कड़ी मेहनत, लगन और निरंतर अभ्यास की आवश्यकता होती है, जिसने इस मंत्र को जान लिया वही सफल हो गया समझो।

नीना : ये बात तो तुमने सोलह आने सच कही।

रिया : अच्छा ! नीना अब चलती हूँ।

नीना : अच्छा ! रिया फिर मिलेंगें।